उजाला योजना

ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहित करने व बिजली की बचत हेतु, प्रदेश में 9 वॉट एल.ई.डी. बल्ब का वितरण UJALA (Unnat Jyoti by Affordable LEDs for All) योजना के अन्तर्गत इनर्जी इफीशियेंसी सर्विसेस लिमिटेड (ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संयुक्त उपक्रम) के सहयोग से, म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 30 अप्रैल 2016 को माननीय मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन एवं माननीय केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा किया गया साथ ही दिनांक 27 अक्टूबर 2016 से एल.ई.डी. ट्यूबलाईट व 5 स्टार रेटेड पंखे का वितरण भी प्रारंभ किया गया है।

2. शहर/गॉव–गॉव/जन–जन तक एल.ई.डी. बल्ब वितरण को सुनिश्चित करने के लिए, प्रदेश के पोस्ट आफिस, राशन की दुकानों, म.प्र. ऊर्जा विकास निगम के जिला कार्यालयों व अक्षय ऊर्जा शॉप्स, विद्युत वितरण केन्द्रो, पुलिस वेलफेयर स्टोर्स, पुलिस बटालियन्स, हॉट बाजार व अन्य वितरक एजेंसीज आदि के माध्यम से वितरण किया जा रहा है।

3. माह जून 2017 के अंतिम सप्ताह तक प्रदेश में एक करोड़ पैतीस लाख से अधिक एल.ई.डी. बल्ब, दो लाख अठ्ठावन हजार से अधिक एल.ई.डी. ट्यूबलाईट व लगभग साठ हजार 5 स्टार रेटेड पंखों का वितरण किया गया है। उक्त वितरण से सालाना लगभग 2500 मिलियन यूनिट्स की बिजली की बचत व उपभोक्ताओं के बिल में सालाना लगभग रू. 1500 करोड़ की कमी संभावित है।

4. ऊर्जा दक्ष उत्पादों का विवरण निम्नानुसार है :

- एल.ई.डी. बल्ब (9 वॉट) – 900 ल्यूमेन का यह एल.ई.डी. बल्ब, वर्तमान दर रू 65/– पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। 9 वॉट एल.ई.डी. बल्ब की 100 वॉट साधारण बल्ब की तुलना में 91 वॉट की बचत होती है। यदि उपभोक्ता प्रति दिन छः घण्टे बल्ब का उपयोग करता है तो आधी यूनिट (91 वॉट × 6 घण्टे = 546 वॉट-घण्टा यानी 0.546 यूनिट) प्रति दिन की बिजली की बचत होती है। वर्तमान में बल्ब की कीमत रू. 65/– है। अतः मात्र एक माह से कम समय में बल्ब की कीमत वसूल हो जाती है। बल्ब की रिप्लेसमेंट वांरटी 3 वर्ष की है।
- एल.ई.डी. ट्यूबलाइट (20 वॉट) – 2000 ल्यूमेन का यह एल.ई.डी. ट्यूबलाईट वर्तमान दर रू 230/– पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध करायी जा रहा है। यह ट्यूबलाईट बाजार दर से 3 गुना कम कीमत पर है। 20 वॉट की एल.ई.डी. ट्यूबलाईट उतनी ही रोशनी देती है जितनी 40 वॉट की साधारण ट्यूबलाईट। साधारण ट्यूबलाईट में 15 वॉट की चोक भी होती है, जिससे कुल विद्युत खपत 55 वॉट होती है अर्थात 35 वॉट बिजली की बचत। 6 घण्टे रोज उपयोग करने पर रू 38/– प्रतिमाह की बचत होगी। इस प्रकार एल.ई.डी. ट्यूबलाईट की कीमत 6 माह में ही वसूल हो जाएगी। रिप्लेसमेंट वारंटी 3 वर्ष की है।

- 5 स्टार रेटिंग पंखे (ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (BEE) के मापदण्डों के तहत) – यह रू 1150/– की दर पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। यह बाजार दर से आधी कीमत पर है। 50 वॉट का यह ऊर्जा दक्ष पंखा 100 वॉट के साधारण पंखे जितना प्रभावी है। 5 स्टार रेटिंग पंखे से बिजली की 50% बचत होती है। इस प्रकार इसके उपयोग से मात्र 10 माह में ही कीमत वसूल होगी। इन पंखों की रिप्लेसमेंट वारंटी ढ़ाई वर्ष की है।

5. आवश्यकतानुसार, एल.ई.डी. बल्ब (रू. 65/–), एल.ई.डी. ट्यूबलाईट (रू. 230/–) व 5 स्टार रेटिंग पंखे (रू. 1150/–) की अग्रिम राशि EESL (ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार का संयुक्त उपक्रम) के ऑन लाईन खाते में जमा करवाकर व जानकारी प्राप्त होने पर सामग्री का प्रदाय तत्काल किया जा सकेगा। EESL के ऑन लाईन खाते का विवरण निम्नानुसार है:

Account Title	A/C No.	Bank Name & Address	IFSC Code
EESL-DELP-MP-AUS- Energy Efficiency Services Limited	000705042626	ICICI bank, New Delhi Branch 9A, Phelps, Connaught Place, New Dehi-110001	ICIC0000007